—हर वेबिल

समाजवाद, जो कि वर्तमान समय का सबसे अधिक लोकप्रिय शब्द है, का प्रयोग 1827 ई. में **राबर्ट ओवन** के विचारों का प्रचार करने के लिए स्थापित पत्रिका '**ओ नाइट कोआपरेटिव**' (O Night Co-operative) में व्यक्तिवादी और उदारवादी विचारों के विरुद्ध भावों को प्रदर्शित करने के लिए किया गया। उसके बाद 1835 में राबर्ट ओवन की अध्यक्षता में स्थापित '**सब राष्ट्रों के सब वर्गों के समुदाय**' (Association of all Classes of all Nations) ने '**समाजवाद**' और '**समाजवादी**' शब्दों का प्रयोग किया। तत्पश्चात् फ्रांसीसी लेखक **रेबांद** (Reyband) ने अपनी रचना '*Reformation Moderner*' में इन शब्दों का खूब प्रयोग करते हुए इन्हें व्यापक रूप से प्रचलित कर दिया।